ont>

Title: Need to develop Wilson Hill in Dharampur area of Bulsar Parliamentary Constituency, Gujarat as place of tourist importance- Laid.

श्री मणिभाई रामजीभाई चौधरी (बलसाड़): अध्यक्ष महोदय, देश के विभिन्न भागों में ऐसे अनेक स्थान हैं जो बहुत ही रमणीक और सुन्दर हैं, किंतु उनका ि वकास न होने के कारण महत्वहीन होते जा रहे हैं। यद्यपि हमारी सरकार पर्यटन स्थल को विकसित करने पर विशा ध्यान दे रही है। किंतु, अभी भी ऐसे अनेक स्थान हैं, जहां का विकास नहीं हो पाया है। इन्हीं स्थानों मेरे संसदीय क्षेत्र बलसाड के धरमपुर क्षेत्र में स्थित विल्सन हिल है। इसकी रमणीयता और सुन्दरता को ध्यान में रखते हुए वहां की जनता व प्रतिनिधि इसके विकास के लिए लम्बे समय से मांग करते आ रहे हैं। यहां तक कि लगभग बीस-पच्चीस वर्ा पहले जनता की मांग पर इस हिल को राज्यपाल देखने भी आये थे और विकसित करने का आश्वासन भी दिया था। इसके विकास से जहां एक ओर सरकार की आय बढ़ेगी वहीं दूसरी ओर वहां के हरिजन, आदिवासी, बेरोजगार, शिक्षित नवयुवकों को रोजगार का अवसर सुलभ होगा।

अतः मेरा माननीय पर्यटन मंत्री जी से विशा अनुरोध है कि कृपया विल्सन हिल जो आदिवासी, हरिजन बहुल क्षेत्र में स्थित है, को पर्यटन की दृटि से उच्च वरीयता एवं प्राथमिकता के आधार पर विकसित कराने की कृपा करें ताकि वहां के लोगों को भी इसका लाभ मिल सके।